प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

संथाल के समर का चुनावी परिदृश्य आज साफ हो जाएगा। संथाल परगना की तीन सीटों दुमका, राजमहल और गोड्डा संसदीय क्षेत्र में नाम वापसी की मियाद आज ठीक इसी समय खत्म हो रही है। इन तीनों सीटों पर कुल पचपन उम्मीदवार चुनावी रणक्षेत्र में हैं।

****

लोकसभा चुनाव के सिलसिले में सभी दलों के शीर्ष नेता तूफानी दौरे पर हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक सह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के बाराबंकी और हमीरपुर में चुनाव प्रचार किया और विपक्ष पर निशाना साधते हुए देश में दमदार सरकार की पुरजोर वकालत की।

****

भाजपा के स्टार प्रचारक सह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संसदीय चुनाव को लेकर आज रांची के चुटिया में शाम पौने छह बजे के आसपास पार्टी प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में रोड शो करेंगे। उधर उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रवास कार्यक्रम के तहत आज हजारीबाग के केरेडारी में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इंडी गठबंधन के नेता भी आज कई स्थानों पर चुनाव प्रचार करेंगे।

****

झामुमो नेता सह स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने दुमका लोकसभा क्षेत्र के नाला प्रखड़ अंतर्गत कासता और सालुका में जनसंपर्क अभियान चलाकर वोटरों से इंडी गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव में इंडी गठबंधन को सर्वसमाज के लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है।

****

झारखंड भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने हजारीबाग में केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई और पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में वोटरों से सहयोग मांगा। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार 22 ऐसी योजनाएं चला रही हैं जिससे ओबीसी समाज के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है ।

****

जामताड़ा जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों को सुरक्षित रखने के लिए जामताड़ा महाविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा अनोखी पहल की जा रही है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

****

रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने सभी रेल कर्मियों से रांची लोकसभा चुनाव के सिलसिले में आगामी 25 मई को जरूर मतदान करने की अपील की है । उन्होंने अपने वीडियो संदेश में कहा कि यह न केवल एक अधिकार है बल्कि यह जिम्मेदार नागरिक का एक दायित्व भी है ।

****

एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में भ्रष्टाचार के आरोपों में ईडी द्वारा गिरफ्तार आलमगीर आलम के मंत्री पद से इस्तीफा देने की खबर है । निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका इस्तीफा राजभवन पहुंचाया जाएगा । उनपर गिरफ्तारी के बाद नैतिक तौर पर इस्तीफे का भारी दबाव था ।

****

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में गिरफ्तार आलमगीर आलम को आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होटवार जेल से ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय लाया गया। मेडिकल टीम ने उनकी जांच की इसके बाद उनसे ईडी की पूछताछ शुरू हो गई है । इधर श्री आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम की भी आज मेडिकल टीम द्वारा नियमित जांच की गई। इन दोनों की रिमांड अवधि कल खत्म हो रही है।

****

विशेष अदालत ने जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद समेत 8 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिनों तक और बढ़ा दी है।

****

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य हेतु रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा इस कारण टाटानगर हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 22, 24 और 26 मई को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल पुरुलिया कोटशिला मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल गुंडा बिहार मूरी होकर चलेगी।

******समाप्त******